दिन–रविवार दिनांक– 18 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

गृह मंत्री अमित शाह ने देशभर में सीएए लागू करने की मोदी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई है। अहमदाबाद मे एक कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि नागरिकता संशोधन अधिनियम–सीएए से किसी भी धर्म के व्यक्ति की नागरिकता खत्म नहीं होती है। उन्होंने कहा कि सीएए भारत में शरणार्थियों को नागरिकता के साथ–साथ सम्मान और न्याय देने के लिए लाया गया है। उन्होंने कहा कि वोट बैंक और तुष्टिकरण की राजनीति के लिए कांग्रेस की पूर्व सरकारों ने विस्थापित हिन्दुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की हमेशा उपेक्षा की है।

————————————————————————————

नेपाल की विदेश मंत्री डॉ. आरजू राणा देउबा पांच दिन की भारत यात्रा पर आज नई दिल्ली पहुँची। इस दौरान वह विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर के साथ विभिन्न द्विपक्षीय मुद्दों पर बातचीत करेंगी। विदेश मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में बताया है कि डॉ. देउबा की यह यात्रा भारत और नेपाल के बीच परंपरागत नियमित उच्चस्तरीय विचार विमर्श का हिस्सा हैं।

————————————————————————————

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या के आरोपी संजय रॉय का मनोवैज्ञानिक परीक्षण कराएगा। इस सिलसिले में, दिल्ली स्थित केन्द्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला के मनोवैज्ञानिक और व्यवहार परीक्षण विशेषज्ञों का एक दल ज़रूरी परीक्षण के लिए कोलकाता पहुंच गया है। सी.बी.आई. संजय रॉय को पहले ही हिरासत में ले चुकी है। इस बीच, आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के पूर्व प्राचार्य डॉक्टर संदीप घोष से फिर पूछताछ के लिए सी.बी.आई. ने समन जारी किया है।

———————————————————————————————————

राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कहा है कि शिक्षा का उद्‌देश्य मनुष्य का निर्माण करना है। पटना में एक कॉलेज के उद्‌घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री आर्लेकर ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति मनुष्य निर्माण के जरिए राष्ट्र निर्माण में सहयोग कर रही है। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि वे अपने बच्चों को रोजागर तलाशने वाला नहीं बल्कि रोजगार सृजन करने वाला बनाए।

———————————————————————————————————

पूर्व विधायक सुनील पांडे भाजपा मे शामिल हो गए हैं। पटना में प्रदेश कार्यालय मे आयोजित एक समारोह में प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने उन्हें पार्टी की सदस्यता ग्रहण करायी। श्री पांडे के साथ उनके पुत्र विशाल प्रशांत और कई अन्य समर्थकों ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है।

———————————————————————————————————

केन्द्रीय चयन परिषद की सिपाही भर्ती परीक्षा के तीसरे चरण का आज प्रदेश के पाँच सौ पैंतालीस केन्द्रों पर शांतिपूर्ण आयोजन किया गया। सहरसा से हमारी संवाददाता ने बताया कि जिले के ग्यारह परीक्षा केन्द्रों पर कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न हो गई। सभी परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर निगरानी के लिए वीडियों ग्राफी की भी व्यवस्था की गई थी। छह चरणों में आयोजित की जा रही है परीक्षा का चौथा चरण इक्कीस अगस्त को आयोजित होगा।

———————————————————————————————————

भाई—बहन के अप्रतिम प्रेम का त्यौहार रक्षा बंधन कल पूरे उल्लास और श्रद्धाभाव के साथ मनाया जायेगा। इसे लेकर बाजारों में रौनक बढ़ गई है। लोग रंग—बिरंगी राखी और मिठाईयों की खरीदारी कर रहें हैं। इधर, राज्य सरकार ने रक्षाबंधन के अवसर पर महिलाओं के लिए पटना में बस सेवा पूरी तरह निःशुल्क कर दी है। परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की सभी बसों में कल महिलाओं और छात्राओं के लिए बस सेवा पूरी तरह निःशुल्क

रहेगी। हर वर्ग की महिलाएं सुबह छह बजे से रात साढ़े नौ बजे तक इस सेवा का लाभ ले सकेंगी।

———————————————————————

नवादा जिले मे भारी बारिश के कारण ककोलत जलप्रपात जलमग्न हो गया है। इसे देखते हुए प्रशासन ने सैलानियों की आवाजाही पर फिलहाल रोक लगा दी है।

———————————————————————

मुंगेर में अंग जनपद का प्रसिद्ध लोक पर्व मंसा विषहरी पूजा उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी हुई है।

———————————————————————

समाप्त